# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 11 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण सप्तमी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO: IV TOP**

## रिया, प्रकाश और अणिमा चित्रकारी में अव्वल



कला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे। स्रोत : संस्था

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों व कॉलेज से सौ से अधिक प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। कलर बैलून शीर्षक से आयोजित इस प्रतियोगिता के ग्रुप ए में एसआर इंटरनेशनल की छात्रा रिया सिंह को प्रथम और यहीं की संस्कृति यादव को द्वितीय स्थान हासिल हुआ। द गुरु स्कूल की अनुकृति वार्ष्णेय को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप बी में एसआर इंटरनेशनल के प्रकाश खंडेलवाल को पहला, हार्टमैन कॉलेज की उन्नति कपूर को दूसरा और द गुरु स्कूल की संस्कृति शर्मा को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप सी में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की अणिमा लाल पहले स्थान पर रहीं, एसआरएमएस सीईटी की प्रतिभा पाल और यहीं के केशव बघेल को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिला। समापन समारोह में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार एवं प्रणामपत्र प्रदान किए। संवाद